| |
|---|
| दिनांक 02.01.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 05/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद मऊ/थाना कोतवाली नगर

- **25–25 हजार रूपये का दो पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 01/02.01.2026 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त 1–हारिस नसीम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के निशादेही पर रेलवे स्टेशन, रामलीला मैदान के पास से अभियुक्त 2–नसीम अहमद उर्फ कोठा को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिनके विरूद्ध जनपद मऊ के विभिन्न थानो में चोरी, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 04–04 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25–25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–हारिस नसीम निवासी कासिमपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ।

2–नसीम अहमद उर्फ कोठा निवासी कासिमपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ।

## जनपद बलिया/थाना नरही

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 01.01.2026 की रात्रि थाना नरही पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नरही कारो रोड के पास चेकिंग के दौरान बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी।

पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त फजल उर्फ करिया घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना नरही पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना नरही पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—फजल उर्फ करिया निवासी तेतारपुर थाना नरही जनपद बलिया।

**बरामदगी**

1—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद मैनपुरी/थाना औंछा

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **भारी मात्रा में चोरी की पीली—सफेद धातु के आभूषण बरामद**

दिनॉकः 01.01.2026 को थाना औंछा व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम बाग बधिक थाना सहपऊ जनपद हाथरस से अभियुक्त राजेन्द्र को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से भारी मात्रा में चोरी की पीली—सफेद धातु के आभूषण बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि दिनॉकः 14/15.12.2025 की रात्रि थाना औंछा क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना औंछा पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद आभूषण चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना औंछा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—राजेन्द्र निवासी ग्राम बाग बधिक थाना सहपऊ जनपद हाथरस।

**बरामदगी**

1—भारी मात्रा में चोरी की पीली—सफेद धातु के आभूषण।

**जनपद इटावा/थाना सैफई**

- **11 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 12 मोटर साइकिल व 01 मोटर साइकिल के खुले पुर्जे व इंजन**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 01.01.2026 को थाना सैफई पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर भिन्न—भिन्न स्थानों से 11 अभियुक्तों 1—सोनू 2—गुलशन उर्फ गुल्ला 3—दीपक उर्फ छोटू 4—नवनीत 5—अंकित 6—अभिषेक उर्फ गोलू 7—शीबू 8—हिमांशू 9—अनुज 10—मंजेश 11—राधाकृष्ण उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 12 मोटर साइकिल व 01 मोटर साइकिल के खुले पुर्जे व इंजन, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना सैफई पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—सोनू निवासी नगला अतिराम थाना करहल जनपद मैनपुरी।

2—गुलशन उर्फ गुल्ला निवासी खिरौगी थाना कुर्रा जनपद मैनपुरी, हालपता—करहल मैनपुरी।

3—दीपक उर्फ छोटू निवासी टिकराहार थाना कुर्रा जनपद मैनपुरी।

4—नवनीत निवासी टिकराहार थाना कुर्रा जनपद मैनपुरी।

5—अंकित निवासी चौबेपुर थाना सैफई जनपद इटावा।

6—अभिषेक उर्फ गोलू निवासी चौबेपुर थाना सैफई जनपद इटावा।

7—शीबू निवासी तुलसीपुर थाना सैफई जनपद इटावा।

8–हिमांशू निवासी नंगला खुशाल थाना करहल जनपद मैनपुरी।

9–अनुज निवासी खिरोगी थाना कुर्रा जनपद मैनपुरी।

10–मंजेश निवासी टिकराहार थाना कुर्रा जनपद मैनपुरी।

11–राधाकृष्ण उर्फ सोनू निवासी टिकराहार थाना कुर्रा जनपद मैनपुरी।

**बरामदगी**

1–चोरी की 12 मोटर साइकिल व 01 मोटर साइकिल के खुले पुर्जे व इंजन।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

## जनपद मुजफ्फरनगर/थाना बुढाना

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **20 किलो 800 ग्राम अवैध गांजा**
- **घटना में प्रयुक्त कैन्टर वाहन बरामद**

दिनॉकः 01.01.2026 को थाना बुढाना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर खतौली–बुढाना मार्ग पर चेकिंग के दौरान अभियुक्त रविन्द्र उर्फ नौमान को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 20 किलो 800 ग्राम अवैध गांजा, घटना में प्रयुक्त कैन्टर वाहन बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद मुजफ्फरनगर के थाना बुढाना पर एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट के आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना बुढाना पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–रविन्द्र उर्फ नौमान निवासी ग्राम बडौदा थाना बुढाना जनपद मुजफ्फरनगर।

**बरामदगी**

1–20 किलो 800 ग्राम अवैध गांजा।

2–घटना में प्रयुक्त कैन्टर वाहन।

| |
|---|
| दिनांक 02.01.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 06/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## माघ मेला 2026 में तैनात पीएसी जवानों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए डूबती किशोरी की बचाई जान

**श्री राजीव कृष्ण** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा प्रदेश के समस्त पुलिस कर्मियों को कर्तव्य पालन के दौरान मानवीय संवेदनशीलता, कर्तव्यनिष्ठा एवं तत्परता के निर्देश निरंतर दिये जा रहे हैं। इन्हीं निर्देशों के क्रम में माघ मेला–2026, प्रयागराज में तैनात बी दल (बाढ़ राहत) 32वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ के जवानों द्वारा दिनांक 01.01.2026 को ड्यूटी के दौरान **अदम्य साहस एवं त्वरित कार्रवाई का परिचय देते हुए यमुना नदी में डूब रही एक किशोरी की जान सकुशल बचाई** गई।

उल्लेखनीय है कि बी दल (बाढ़ राहत) 32वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ, जो कि दिनांक 20.12.2025 से माघ मेला–2026 में फ्लड ड्यूटी हेतु नियुक्त है, के अंतर्गत आरक्षी **सुधीर कुमार राय** के हमराह आरक्षी **सौरभ सिंह** एवं आरक्षी **रामजग कुमार** की ड्यूटी मोबाइल पार्टी में लगाई गई थी।

ड्यूटी के दौरान गश्त करते समय लगभग सायं 05:20 बजे अरेल सेल्फी प्वाइंट के बाएं किनारे पर एक किशोरी, जो प्राइवेट नाव के समीप खड़े होकर सेल्फी ले रही थी, अचानक पैर फिसलने से **यमुना नदी में गिर गई** तथा डूबने लगी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ड्यूटी पर तैनात जवानों ने बिना समय गंवाए **अपनी जान की परवाह किए बिना यमुना नदी में छलांग लगाकर** तत्परता से किशोरी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

इस साहसिक कार्य के लिए मौके पर उपस्थित जनमानस द्वारा पीएसी जवानों की **भूरि-भूरि प्रशंसा** की गई।

———————